**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार।**

**दिनांक 08.10.2023** **समय 18.30**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली में न्याय संगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का करेंगी उद्घाटन ।**
- **भारतीय वायु सेना मना रही है आज अपना स्थापना दिवस – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को अपने वायु सेना कर्मियों के शौर्य, समर्पण और निष्ठा पर गर्व**
- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को दी मंजूरी – बालिकाओं और महिलाओं को रोडवेज का मासिक पास बनवाने पर अब किराये में मिलेगी 90 प्रतिशत छूट।**
- **विश्वकप क्रिकेट मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दिया 200 रनों का लक्ष्य।**

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल न्याय संगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जैंडर प्लेटफॉर्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक ने बताया कि यह सम्मेलन हाल ही में आयोजित हुए जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है।

000

भारतीय वायु सेना आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायु सेना के स्थापना दिवस पर एक ट्वीट संदेश में कहा कि देश को अपने वायु सेना कर्मियों के शौर्य, समर्पण और निष्ठा पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वायुसेना की सेवा और बलिदान के कारण ही हमारा हवाई–क्षेत्र सुरक्षित है।

..................

स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किया गया। यहां बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन हुआ। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल अनिल चौहान और मध्य हवाई कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांड एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर भी मौजूद रहे। वायुसेना प्रमुख ने परेड में वायुसेना के नए ध्वज का भी अनावरण किया। अब पुराने ध्वज को वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष वायुसेना दिवस पर परेड का नेतृत्व, पहली बार, महिला अधिकारी, ग्रुप कैप्टन शालिज़ा धामी ने किया। पहली बार, महिला सैन्य कर्मियों की टुकड़ी परेड में शामिल हुई जिनमें अग्निवीर वायु महिलाएं भी शामिल रहीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वायु योद्धाओं और उनके परिवारों को बधाई दी है।

000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए कक्षा नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की ऑनलाइन पंजीयन की तारीख 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। बोर्ड के अजमेर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा संगम लिंक पर विद्यार्थियों का पंजीयन कर सकते हैं। बोर्ड ने स्कूलों को सावचेत किया है कि विद्यार्थी के विषय का विवरण भरते समय सावधानी बरतें,क्योंकि पंजीयन होने के बाद विषय में सुधार नहीं किया जा सकेगा।

000

कोटा जिला कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी ने आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आज एक आदेश जारी करते हुए निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा जिसके मुख पृष्ठ पर मुद्रक और इसके प्रकाशक का नाम– पता न लिखा हो। एक बैठक लेने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

000

आज हिन्दी और उर्दू के सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार और कहानीकार मुंशी प्रेमचन्द की पुण्यतिथि है। अपने लेखन से सत्ता और समाज की कुरीतियों पर चोट करने वाले और गरीब, मजदूर के दर्द को आवाज देने वाले प्रेमचन्द को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रद्धाजंलि दी है। एक ट्वीट के माध्यम से उन्होंने कहा कि 'उपन्यास सम्राट' प्रेमचंद ने ग्रामीण भारत की आत्मा को पन्नों पर जीवंत किया। उनका लेखन युगों तक जनमानस की भावनाओं को झंकझोरता रहेगा।

000

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राज्य में विभिन्न क्षेत्रो के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने जोधपुर के मण्डोर स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के लिए 30 बेड वाला शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और ट्रोमा सेंटर खोले जाने को मंजूरी दी। इसके लिए 6 करोड़ सात लाख रूपये का बजट स्वीकृत किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 22 और ट्रोमा सेंटर के लिए 16 नये पद सृजित करने को भी मंजूरी दी गई है। वही राज्य की

बालिकाओं और महिलाओं को रोडवेज का मासिक पास बनवाने पर अब किराये में 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण और द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा में लागू होगी। पहले रोड़वेज की बसों में महिलाओं को मासिक पास बनवाने पर किराये में 45 प्रतिशत की छूट दी जाती थी। राज्य सरकार ने प्रदेश के 11 संस्कृत विद्यालयों को क्रमोन्नत किया है। इन विद्यालयों में से 6 विद्यालयों को प्रवेशिका से वरिष्ठ उपाध्याय, 3 विद्यालयों को उच्च प्राथमिक स्तर से वरिष्ठ उपाध्याय और 2 विद्यालयों को प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमोन्नत किया जाएगा। राजसमंद के खमनौर में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्रावास का निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री ने छात्रावास के निर्माण के लिए 4 करोड़ 41 लाख रूपये की मंजूर किये है। इस छात्रावास में कक्षा 9 से 12वीं तक की बालिकाएं रहकर पढ़ाई कर सकेंगी। वही राज्य में लैब टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर को अब 2 हजार 250 रुपये के स्थान पर 2 हजार 750 रूपये प्रतिमाह वर्दी भत्ता मिलेगा।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के एक आदेश के अनुसार अब प्रदेश में जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। सर्वेक्षण में राज्य के सभी नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्तर के सम्बंध में जानकारी और आंकड़े इकटठे किये जाएंगे। सरकार इन आंकड़ो का विशेष अध्ययन करवाकर विभिन्न वर्गों के पिछड़ेपन की स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष कल्याणकारी उपाय और योजनाएं लागू करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक ट्वीट के माध्यम से कहा है कि हर जरूरतमंद तक उनके हक का लाभ पहुंचाने के मकसद से सरकार ने अपने संसाधनों से यह सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है जिसके आंकड़ों के आधार पर विभिन्न वर्गों की आवश्यकता के अनुसार योजनाएं बनाई जा सकेंगी।
विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। यह सर्वेक्षण आयोजना विभाग की ओर से नोडल विभाग के रूप में सम्पादित किया जाएगा। साथ ही, सभी जिला कलेक्टर सर्वेक्षण के लिए नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, ग्राम और पंचायत स्तर पर सभी विभागों के अधीनस्थ कर्मचारियों की सेवाएं ले सकेंगे। इसके लिए नोडल विभाग एक प्रश्नावली तैयार करेगा जिससे प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्तर की सम्पूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

000

बीकानेर स्थित राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र कैमल मिल्क से न केवल तरह तरह के डेयरी प्रोडक्ट बना रहा है बल्कि दूध डेयरी और पार्लर से लगातार आय में भी बढोतरी कर रहा है। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र द्वारा बनाये जा रहे डेयरी उत्पादों पर हमारे बीकानेर संवाददाता की एक विशेष रिपोर्ट–

000

जयपुर से असारवा जा रही ट्रेन पर आज डूंगरपुर के बलवाड़ा रेलवे स्टेशन से आगे पथराव की घटना हुई। इसमें ट्रेन की एक बॉगी का कांच भी टूट गया है। इस घटना में कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ। उदयपुर से पिंडवाड़ा गोगुंदा मार्ग पर एक तेल का टैंकर पलटने से 100 से अधिक भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई और दो युवक घायल हो गए। टैंकर पलटने से खाने का तेल सड़कों पर बहने लगा जिससे समेटने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस कारण सडक मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। इधर कोटा के पोलाईकला गांव में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बारां की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मार दी। सिरोही जिले के कालंद्री क्षेत्र में तालाब में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव परिजन को सुपुर्द कर दिया है।

000

विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपना पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से खेल रहा है। चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम् स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में भारत को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीवन स्मिथ ने 71 गेंदों पर 46 रन बनाए जबकि डेविड गोरर्नर ने 52 गेंदों पर 41 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभाला। भारत की ओर से गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया गया। रविन्द्र जडेजा ने 28 रन देकर 3 विकेट झटके वही जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने 2–2 विकेट हासिल किए। आर.अश्विन, मोहम्मद सिराज और हार्दिक पण्डया को एक–एक विकेट मिले।

000